आईआईएम रांची का मैनेजमेंट फेस्ट एगॉन 5.0 शुरू

केस स्टडी सॉल्व करते दिखे मैनेजमेंट स्टूडेंट्स

IIM FEST

सिटी रिपोर्टर . रांची

आईआईएम रांची में शनिवार को मैनेजमेंट फेस्ट एगॉन 5.0 शुरू हुआ। इसमें देश भर के विभिन्न बी स्कूल जैसे आईआईएम लखनउ, एक्सएलआरआई, आईआईएम कोलकाता, बीआईटी मेसरा, आईआईएम उदयपुर, एससीएमएचआरडी आदि के स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। इस फेस्ट के इनोग्रेशन के अवसर पर प्रो. देबजानी घोष, प्रोफेसर केएन सिंह, प्रो. रोहित कुमार, प्रो. सुधांशु आदि मौजूद रहे। दो दिनों तक चलने वाले इस मेनेजमेंट फेस्ट में 500 से ज्यादा प्रतिभागी लगभग 70 कांपिटीशन में भाग लेंगे। इस फेस्ट के पहले दिन कॉलेज के 8 क्लबों की ओर से कई इवेंट आयोजित किए गए। जिसमें बिजनेस माइंड्स के बीच मुकाबला हुआ। मौके पर विभिन्न डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स और स्टूडेंट्स काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे।

500 प्रतिभागी ले रहे हैं हिस्सा

प्रतिभागियों को दिए गए केस स्टेडी

आईआईएम रांची के दोनों परिसरों में एक साथ कई प्रतियोगिताएं चल रही थीं। उद्यमी छात्र क्लब, ई-सेल की ओर से एक केस स्टडी प्रतियोगिता इनकेस अयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों के लिए 76,000 रुपए का पुरस्कार रखा गया था। जिसमें कैसे युवा पीढ़ी को फिनटेक प्लेटफॉर्म पर लाया जाए व इसमें निवेश के लिए इंट्रेस्ट डेवलप किया जाए जैसे कई केस स्टडी सॉल्व करने के लिए दिए गए। इसके अलावा प्लूटस, क्रैक द केस, सिम्बॉलस, पैंतरेबाजी, टेरा नुलियस और मार्केस नामक केस स्टडी कॉम्पिटिशन ऑपरेशन क्लब, कंसल्टिंग क्लब, एचआर क्लब, लिटरेरी क्लब और मार्केटिंग क्लब द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए गए।

सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों को हल करते दिखे

आईआईएम रांची के सोशल रिस्पांसिबिलिटी क्लब समर्पण की ओर से केस स्टडी समाधान और यूएनजीसी की ओर से परिवृद्धि का आयोजन किया गया। जिसमें समाज और पर्यावरण से संबंधित वास्तविक जीवन की चुनौतियों के बारे में केस स्टडी सॉल्व करना था। केस स्टडीज को इस तरह से डिजाइन किया गया था कि प्रतिभागियों के ज्ञान को बढ़ाकर वास्तविक जीवन के सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों को हल कर सकें।

Dainik Bhaskar, 29.09.2019, Pg. 02 (Supl.)